>

Title: Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Dholpur district of Rajasthan.

**श्री खिलाड़ी लाल बैरवा (करौली धोलपुर):** महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र करौली धोलपुर डांग और जंगली इलाका है। यह शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पिछड़ा हुआ है। यहां बच्चों के पढ़ने के लिए अच्छे स्कूल और कॉलेज नहीं हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में करीब सभी जिलों में केंद्रीय विद्यालय खुले हैं लेकिन धोलपुर में केंद्रीय विद्यालय नहीं है। मेरी मांग है कि यहां केंद्रीय विद्यालय खोला जाए। इसके साथ ही करौली और धोलपुर डांग क्षेत्र होने के कारण युनिवर्सिटी की स्थापना की जाए।